दिन– शुक्रवार                                                                 दिनांक– 04 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                              अवधि– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार में चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। मतदाता वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट ईन से गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म में मतदाताओं का नाम, इपिक नंबर, क्रमांक संख्या, भाग संख्या, विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र का नाम तथा राज्य का नाम पहले से भरा होगा। वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, उन्हें बिना किसी दस्तावेज के हस्ताक्षर कर अपना फॉर्म अपलोड करना होगा। दो हजार तीन के बाद जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गए हैं, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा तय ग्यारह प्रमाण पत्रों में से कोई एक प्रमाण पत्र गणना प्रपत्र के साथ अपलोड करना होगा। इसके लिए अंतिम तिथि छब्बीस जुलाई तक निर्धारित की गयी है।

——————————————————————

प्रदेश में जारी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की बयानबाजी और तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि इस अभियान के लिए मात्र पच्चीस दिन का समय निर्धारित किया गया है। इससे चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास सभी विकल्प खुले हैं। इधर, जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान एक संवैधानिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी सिर्फ यह चाहती है कि अभियान के तहत एक भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए।

——————————————————————

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पटना हाई कोर्ट में अधिवक्ता कोटे से न्यायाधीश के लिए अजीत कुमार और प्रवीण कुमार के नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने इन दोनों के नामों की सिफारिश की है।

——————————————————————

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत बांका जिले के चांदन और भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड ने देशभर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। नीति आयोग द्वारा जारी मार्च महीने की डेल्टा रैंकिंग में इन दोनों प्रखंडों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और सामाजिक विकास में बेहतर कार्य के लिए चुना गया है। योजना और विकास विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए चांदन प्रखंड को डेढ़ करोड़ रूपये और सबौर प्रखंड को एक करोड़ रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

——————————————————————

ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता के आकलन के लिए शहर की तरह स्वच्छता सर्वेक्षण होगा। इसके अंतर्गत गांव में शौचालय की सुलभता, गांव की साफ—सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे बिंदुओं की जांच कर अंक दिये जायेंगे और इसी के आधार पर रैंकिंग जारी की जाएगी। यह सर्वेक्षण देशभर में होगा।

——————————————————————

प्रदेश में पंचायत स्तर पर मानव व्यापार निरोध इकाई का गठन किया जाएगा। सीआईडी कमजोर वर्ग के एडीजी अमित जैन ने बताया कि इस यूनिट के माध्यम से मानव तस्करी, देह व्यापार और बाल श्रम पर रोक लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें पंचायत प्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका और स्थानीय स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

——————————————————————

मुजफ्फरपुर स्थित लंगट सिंह महाविद्यालय आज अपना एक सौ छब्बीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम का राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने उद्‌घाटन किया। स्थापना दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद भी उपस्थित थे।

——————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।